**M.A. (Part-II)**
***HINDI***
***Modern Poetry***
**(Paper – II) (OCT-16)**

**QP Code : 67374**

( 3 घंटे) (कुल अंक : १००

सूचना : (१) प्रथम तथा अंतिम **प्रश्न** अनिवार्य हैं।
(२) शेष प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए।

१. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **चार** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए- ४०

(अ) ''हाँ, ठीक, परन्तु बताओगी मेरे जीवन का पथ क्या है?
इस निविड़ निशा में संस्कृति की आलोकमयी रेखा क्या है?
यह आज समझ तो पाई हूँ मैं दुर्बलता में नारी हूँ।
अवयव की सुंदर कोमलता लेकर मैं सबसे हारी हूँ।''

(ब) ''तू गई स्वर्ग, क्या यह विचार-
जब पिता करेंगे मार्ग पार
यह, अक्षम अति, तब मैं सक्षम
तारूँगी कर गह दुस्तर तम?''

(क) ''पुराना मकान था, ढहना था, ढह गया,
बुरा क्या हुआ? बड़े-बड़े दृढ़ाकार दंभवान
खंभे वे ढह पड़े!! जड़ीभूत परतों में, अवश्य, हम दब गए।
हम उनमें रह गए, बुरा हुआ, बहुत बुरा हुआ!!''

(ख) ''कभी कुहासे में तुम्हें न देखता भी
पर कुहासे की ही छोटी-सी रुपहली झलमल में
पहचानता हुआ तुम्हारा ही प्रभा-मण्डल।
कितनी बार मैं, धीर, आश्वस्त, अक्लान्त-
ओ मेरे अनबुझे सत्य! कितनी बार...''

(ग) ''बल-विवेक में कौन श्रेष्ठ है,
असि वरेण्य या अनुनय?
पूजनीय रुधिराक्त विजय,
या करुणा -धौत पराजय?

(घ) ''राजा चुपके से काटता है चक्कर रात में
नये नये भेस में अलग अलग घात में
जो सोये उनके माथे से तकिया खींचता
फेंकता खलिहान में लुकाठी।''

[ TURN OVER ]

२. 'कामायनी' का कथानक प्राचीन है, किंतु उसकी रचना-दृष्टि आधुनिक है, विवेचन कीजिए। १०

३. 'सरोज-स्मृति' के आधार पर निराला के जीवन के संघर्षो का परिचय दीजिए। १०

४. ''अँधेरे में' कविता मध्यवर्गीय भारतीय जन-जीवन के संघर्षों का बयान है''-उक्त कथन की समीक्षा कीजिए। १०

५. 'अन्धकार में जागने वाले' कविता के उद्देश्य पर प्रकाश ड़ालिए। १०

६. ''भावपक्ष और कलापक्ष की दृष्टि से दिनकर का कुरुक्षेत्र अद्वितीय काव्य बन पड़ा है।'' उक्त कथन का मूल्यांकन कीजिए।'' १०

७. 'नये इलाके में' काव्य संग्रह के माध्यम से अरुण कमल की सामाजिक भावना को स्पष्ट कीजिए। १०

८ (य) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए- १०

(१) देवलोक संस्कृति के विनाश का कारण क्या है?
(२) मनु को कर्मशील बनने की प्रेरणा कौन देता है?
(३) 'राम की शक्ति -पूजा' में वर्णित राम के दल के वीरों के नाम लिखिए -
(४) सरोज के विवाह के संबंध में निराला को किसने पत्र भेजा था?
(५) मुक्तिबोध के भाई जो मराठी के प्रतिष्ठित कवि हैं, का नाम लिखिए।
(६) अज्ञेय के 'कितनी नावों में कितनी बार' रचना पर कौन-सा पुरस्कार मिला है?
(७) 'कुरुक्षेत्र' की रचना किस विधा के अंतर्गत आती है?
(८) 'नये इलाके में' को छोड़कर अरुण कमल की एक रचना का नाम लिखिए।
(९) अज्ञेय, किस काव्य धारा के प्रमुख कवि हैं?
(१०) 'बात' कविता में कवि यारों को दारू क्यों पिलाता है?

(र) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए - १०

(१) भारतीय इतिहास के आदिपुरुष माने जाते हैं?

(अ) मनु (ब) राम
(क) कृष्ण ड) बुद्ध।

(२) 'मृत्यु, अरी चिर-निद्रे! तेरा अंक हिमानी-सा शीतल' कामायनी के किस सर्ग की पंक्ति है?

(अ) काम (ब) वासना
(क) लज्जा (ड) चिंता।

(३) 'कुकुरमुत्ता' कविता ने नव्वाब ने 'गुलाब' कहाँ से मँगाये थे?

(अ) यूरोप (ब) चीन

(क) फ़ारस (ड) जपान।

(४) मुक्तिबोध के 'एक साहित्यिक की डायरी' रचना का विषय है-

(अ) आत्मचरित्र (ब) डायरी लेखन

(क) यात्रा वर्णन (ड) निबंध।

(५) 'घोर अहंनिष्ठ व्यक्तिवाद' किस काव्य की विशेषता हैं?

(अ) छायावाद (ब) प्रगतिवाद

(क) प्रयोगवाद (ड) उपर्युक्त सभी।

(६) कवि अज्ञेय की रचना का नाम है?

(अ) सात गीत वर्ष (ब) आँगन के पार द्वार

(क) समय देवता (ड) सीढ़ियों पर धूप में।

(७) " अत्याचार सहन करने का कुफल यही होता है,
पौरुष का आतंक मनुज, कोमल होकर खोता है।"
किस रचना की काव्यपंक्ति है?-

(अ) कामायनी (ब) राग-विराग

(क) कुरुक्षेत्र (ड) नये इलाके में।

(८) 'श्राद्ध का अन्न' कविता में किसने पूछा, 'कैसी है बुंदिया कैसा रायता?'-

(अ) मृतक के पिता (ब) मृतक की माँ

(क) मृतक के मित्र (ड) मृतक।

(९) 'कुरुक्षेत्र' के प्रबन्ध की एकता उसमें वर्णित.... को लेकर है।

(अ) कथावस्तु (ब) विचार

(क) उद्देश्य (ड) पात्र

(१०) 'जागरण' कविता में इस्पात नगर की लेबर कोलनी में रात भर क्या चला था?

(अ) तमाशा (ब) नाटक

(क) सिनेमा (ड) वीडियो।

-----------------

# M.A. (Part-II)
## *HINDI*
## *Linguistics & Hindi Language*
**(Paper – IV) (OCT-16)**

**QP Code : 67447**

( ३ घंटे ) कुल अंक : १००

**सूचना :** (१) अंतिम प्रश्न अनिवार्य है।
(२) शेष प्रश्नों में से किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

१. भाषा विज्ञान के स्वरुप के स्पष्ट करते हुए उसके अध्ययन की दिशाओं पर प्रकाश डालिए। १६
२. व्यंजन स्वरों का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए। १६
३. रुप परिवर्तन के कारणों की चर्चा कीजिए। १६
४. द्रविड़ परिवार की भाषाओं का उल्लेख करते हुए उसकी विशेषाओं को स्पष्ट कीजिए। १६
५. वाक्य के अनिवार्य तत्वों को उजागर करते हुए उसके भेदों पर प्रकाश डालिए। १६
६. अर्थ विज्ञान की अवधारण को स्पष्ट करते हुए शब्द और अर्थ के संबंधो की चर्चा कीजिए। १६
७. देवनागरी लिपि की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। १६

८. (अ) निम्निलिखित विषयों पर **पाँच से दस** वाक्य में टिप्पणी लिखिए। १०
(क) भाषिक प्रकार्य
(ख) स्वनिम और संस्वन
(ग) रुपिम के भेद
(घ) अभिहितान्वयवाद
(च) अर्थ परिवर्तन के कारण।

(ब) उचित पर्याय का चयन पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। १०
१) संवृत्त के कितने भाग होते है?
(१) एक (२) दो
(३) तीन (४) चार

२) प्रोक्तिविज्ञान को अंग्रेजी में क्या कहा जाता है?
(१) डिस्कोर्सोलाजी (२) फोनोलॉजी
(३) मार्फोलाजी (४) बायोलॉजी

३) 'अन्विति' क्या है?
(१) व्याकरणिक दृष्टि से एकरुपता (२) इच्छा
(३) संगति (४) समीपता

४) हिन्दी में सबंध तत्व को दर्शाने के लिए किस शब्द का प्रयोग होता है?
(१) ने (२) यह
(३) वह (४) हम

५) अरबी-फारसी से आनेवाली विदेशी ध्वनि?
(१) ज़ (२) ऑ
(३) ढ़ (४) ड़

६) 'ई' किस प्रकार का स्वर है?
(१) ह्रस्व (२) दीर्घ
(३) सन्धि (४) ओकांरात

७) पश्चिमी हिन्दी से विकसित भाषा है?
(१) मेवाती (२) अवधी
(३) ब्रज (४) मगही

८) प्रथम प्राकृत काल की भाषा कौन-सी है?
(१) अपभ्रंश (२) पालि
(३) संस्कृत (४) कश्मीरी

९) ग्रिम नियम के नाम से आज कौन-सा नियम भाषा विज्ञान के लिए प्रख्यात बना हुआ है?
(१) ध्वनि नियम (२) रुप नियम
(३) वाक्य नियम (४) अर्थ नियम

१०) वररुचि-कृत प्राकृत-प्रकाश का समय है?
(१) दूसरी शती (२) तिसरी शती
(३) पाँचवी शती (४) छठ़ी शती

-------------

# M.A. (Part-II)
## *HINDI*
## *Poetic Literature of Literary Criticism*
**(Paper – VI) (OCT-16)**

**QP Code : 67590**

(हिन्दी अनुवाद)

(३ घंटे) (कुल अंक : १००

सूचना : (१) आठवाँ प्रश्न अनिवार्य है।
(२) शेष प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

१. रस का स्वरूप-विश्लेषण करते हुए भरतमुनि के रस-सूत्र की व्याख्या कीजिए। १६

२. रीति सिद्धांत की मूलभूत अवधारणा पर प्रकाश डालिए। १६

३. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के आलोचनात्मक प्रतिमानों का विश्लेषण कीजिए। १६

४. प्लेटो के काव्य-विषयक सिद्धांतो का विश्लेषण कीजिए। १६

५. मैथ्यू आर्नल्ड के आलोचनात्मक प्रदेय का मूल्यांकन कीजिए। १६

६. आभिजात्यवाद के वैशिष्ट्य का निरूपण कीजिए। १६

७. मार्क्सवाद की आधारभूत मान्यताओं का परिचय दीजिए। १६

८. (अ) निम्नलिखित विषयों पर **पाँच** से **दस** वाक्य में उत्तर लिखिए। १०
(क) शब्दालंकार (ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(ग) उदात्त के बाधक तत्त्व (घ) कॉलरिज का कल्पना-सिद्धांत
(च) संरचनावाद

८. (ब) सही विकल्प चुनकर निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- १०
(ट) भामह किस सिद्धांत के प्रवर्तक माने जाते है?
(क) अलंकार (ख) वक्रोक्ति
(ग) रीति (घ) ध्वनि

(ठ) इनमें से कौन-सी रचना आचार्य आनंदवर्धन की है?
(क) साहित्य-दर्पण (ख) ध्वन्यालोक
(ग) काव्यालंकार (घ) चंद्रालोक

[TURN OVER

(ड) 'वाक्य रसात्मक काव्य'– किसका कथन है?
(क) दण्डी (ख) मम्मट
(ग) विश्वनाथ (घ) वामन

(ढ) कौन-सी रचना हजारी प्रसाद द्विवेदी की नहीं है?
(क) साहित्य-सहचर (ख) हिंदी साहित्य की भूमिका
(ग) कल्पलता (घ) परंपरा का मूल्यांकन

(त) इनमें से कौन मार्क्सवादी समीक्षक नहीं है?
(क) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (ख) आचार्य नंददुलारे वाजपेयी
(ग) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी (घ) डॉ. राम विलास शर्मा

(थ) 'त्रासदी कार्य-व्यापार का अनुकरण है'– किसका कथन है?
(क) प्लेटो (ख) अरस्तू
(ग) लोंजाइनस (घ) होरेस

(द) 'प्रौक्टिकल क्रिटिसिज्म'– किसकी रचना है?
(क) रिचर्ड्स (ख) इलियट
(ग) मैथ्यू आर्नल्ड (घ) जॉक देरिदा

(थ) स्वच्छंदतावाद का आरंभ किस ग्रंथ के प्रकाशन से माना जाता है?
(क) पेरिपोयतिक्स (ख) पेरिइप्सुस
(ग) लिरिकल बैलेड्स (घ) डिवाइन कॉमेडी

(प) संरचनावाद किस पर आधारित है?
(क) भाषिकी (ख) भोतिकी
(ग) रसायन (घ) दर्शन

(थ) उत्तर आधुनिकता किसकी वकालत करती है?
(क) राष्ट्र-प्रेम (ख) सीमाहीन खुलापन
(ग) विवेक (घ) परंपरा-प्रेम

..............

# M.A. (Part-II)
## *HINDI*
## *Mass Communication*
**(Paper – VIII) (OCT-16)**

**QP Code : 67801**

(३ तास) [ एकूण गुण : १००

सूचना : (१) प्रश्न क्र. १ से ७ में से किन्हीं ५ के उत्तर लिखिए।
(२) प्रश्न क्र.८ अनिवार्य है।

१. जनसंचार का अर्थ बताते हुए उसके महत्त्व को परिभाषित कीजिए। १६

२. जनसंचार की प्रक्रिया पर चर्चा कीजिए। १६

३. सामाजिक विकास में जनसंचार की क्या भूमिका होती है? स्पष्ट कीजिए। १६

४. मुद्रित माध्यम की विकासयात्रा पर प्रकाश डालिए। १६

५. जनसंचार की भाषा पर प्रकाश डालिए। १६

६. जनसंचार माध्यम और हिंदी को रेखांकित कीजिए। १६

७. साहित्यिक विधाओं का दृश्य-श्रव्य रूपांतर पर रोशनी डालिए। १६

८.(क) नम्नलिखित लघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए : १०

१) रेडियो की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

२) दृश्य संचार माध्यम का उपयोग पर प्रकाश डालिए।

३) पटकथा लेखन के तत्व लिखिए।

४) संवाद लेखन की विशेषताएँ रेखांकित कीजिए।

५) धारावाहिक लेखन के तत्त्व लिखिए।

१०

८.(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निचे दिए गए विकल्पों में से लिखिए:

१. 'उंदतमार्तंड' समाचार पत्र कहाँ से प्रकाशित हुआ था?

क) कलकत्ता ख) मुंबई
ग) दिल्ली घ) बनारस

२. 'w.w.w.' से क्या तात्पर्य है?

क) web web wide ख) web wide web
ग) world wide web घ) wide web world

**[TURN OVER**

३. 'मदर इंडिया' फिल्म की मुख्य अभिनेत्री का नाम --

क) नरगीस    ख) मधुबाला
ग) हेमामालिनी    घ) रेखा

४. 'ये दिल मांगे मोर' किसका विज्ञापन है -

क) पेप्सी    ख) ब्रिटानिया बिस्कुट
ग) चॉकलेट    घ) ICICI बैंक

५. 'चंद्रकांता' उपन्यास के लेखक है -

क) प्रेमचंद    ख) अज्ञेय
ग) देवकीनंदन खत्री    घ) महादेवी वर्मा

६. वर्तमान में हरियाणा राज्य में आरक्षण को लेकर कौनसे समुदाय ने आंदोलन किया था?

क) मराठा समुदाय    ख) पटेल समुदाय
ग) गुर्जर समुदाय    घ) जाट समुदाय

७. भारतीय फिल्म के जनक किसे माना जाता है?

क) दिलिप कुमार    ख) सत्यजीत रे
ग) दादासाहेब फालके    घ) राजकपूर

८. प्रथम पुस्तक किस देश में प्रकाशित हुई थी?

क) चीन    ख) इंग्लैंड
ग) भारत    घ) फ्रान्स

९. 'फोर्ट विलियम कॉलेज' की स्थापना कौन से शहर में हुई थी?

क) दिल्ली    ख) मुंबई
ग) कलकत्ता    घ) चेन्नई

१०. आकाशवाणी को 'ऑल इंडिया रेडियो' यह नाम कब दिया गया?

क) १९३६    ख) १९३२
ग) १९४७    घ) १९५७

--------------